# कूट रचित दस्तावेज बनवाकर आदिवासियों को उजाड़ रहे

## कलेक्टर से शिकायत कर ग्रामीणों ने की न्याय की याचना

संभाग मुख्यालय के समीपी ग्राम मैकी में इन दिनों फिर दबंगों द्वारा आदिवासियों की भूमि हथियाने उन्हे उजाडऩे का प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में पीड़ितों ने कलेक्टर शहडोल से शिकायत कर न्याय की याचना की है।

शहडोल।



पीड़ितों ने लेख किया है कि जिस भूमि पर पिछले 150 वर्षों से उनका पुश्तैनी कब्जा है और वे पीढिय़ों से निवास करते आ रहे हैं, उस भूमि को राजेश्वर नाथ उदानियां व उनके साथी मिलकर हथियाने का प्रयास कर रहे हैं। ज्ञातव्य है कि इसी गांव में पूर्व में भी दबंगों ने आदिवासियों को उजाडऩे का प्रयास किया था और उसके संबंध में प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। जानकारी मिली है कि संभाग के ग्रामीण अंचलों की जमीने दबंगों द्वारा कूटरचना कर नामांतरित करा ली गई हैं और उन्हे बेचने का प्रयास किया जा रहा है और उस भूमि पर निवास करने वाले ग्रामीण परेशान हो रहे हैं। ज्ञातव्य है कि संभाग मुख्यालय के आसपास के अन्य ग्रामीण अंचलों में भी भूमाफिया अपने पैर पसार रहा है और सरकारी जमीने खुर्द-बुर्द कर रहा है लेकिन प्रशासन कठोर कार्रवाई करने से कतरा रहा है।

### इस भूमि पर कर रहे विवाद

शिकायत में लेख किया गया है कि मैकी ग्राम स्थित आराजी खसरा नंबर 464, रकबा 8.498 हे. के अंश रकबा 8.296 हे. पर आदिवासियों के पूर्वज 150 वर्षों से रह रहे हैं। इस आराजी को बद्री नारायण सिंह पिता बलदेव सिंह निवासी शहडोल के द्वारा बिना क्रय किए व बिना किसी सक्षम अधिकारी के आदेश के फर्जी कूटरचित दस्तावेज बनवा कर अपने नाम करा लिया था। इसके पश्चात बद्री नारायण सिंह के द्वारा 1962-63 में मैकी की इस आराजी का फर्जी विक्रय पत्र निष्पादन करा बाबूलाल उदानिया के पक्ष में विक्रय पत्र का निष्पादन करा दिया। उनकी मृत्यु के पश्चात उनके पुत्र राजेश्वर नाथ उदानियां ने इस आराजी को अपने नाम से नामांतरण करा लिया। इस संबंध में जब जानकारी हुई तो आदिवासियों के द्वारा एसपी शहडोल व एडीजीपी से शिकायत की थी। इस पर एडीजीपी ने स्वयं मौका मुआयना कर सोहागपुर थाने में प्रकरण दर्ज करा दिया था। जिसमें पूर्व भू स्वामीके पुत्र अनिल सिंह एवं अन्य तीन के विरुद्ध प्रकरण दर्ज हुआ था।

### पक्षकार होने पर भी बेची जमीन

इस मामले में राजेश्वरनाथ उदानियां, नवदुर्गा फ्यूल ग्राम सरई पाली तहसील तमनारा जिला रायगढ़ उक्त प्रकरण में पक्षकार हैं। इसके अलावा आदिवासियों ने ग्रामपंचायत सरपंच के माध्यम से उपपंजीयक के समक्ष उक्त भूमि के क्रय विक्रय पर आपत्ति भी लगाई थी। इसके बाद भी भूमि का पंजीयन कराया गया और विक्रय पत्र का पंजीयन कराने के उपरांत के्रता, विक्रेता, एवं गवाह के द्वारा 16 मार्च को मैकी आ कर प्रार्थी आदिवासियों से गाली गलौच कर धमकी दी गई और जमीन खाली करने के लिए कहा गया। उन लोगों ने आक्रामक रूप धारण कर रखा था, वे बार बार मारपीट पर उतारू हो रहे थे, लेकिन आदिवासियों के द्वारा कुछ नहीं बोले जाने से मामला ठंडा पड़ गया और वे धमकी देते हुए चले गए। वे किसी भी दिन मशीन लेकर ग्रामीण आदिवासियों को उजाडऩे आ सकते हैं। आदिवासियों ने मांग की है कि आदिवासियों का पलायन रोका जाए और उनके हितों की रक्षा की जाए।

### प्रकरण दर्ज किया जाए


शिकायत में लेख है कि प्रार्थियों की भूमि को राजेश्वर उदानियां द्वारा छल कपट और 56 लाख लेकर भू माफिया विकास सिंह, संतोष यादव, युगांक अग्रवाल एवं नवदुर्गा फ्यूल डायरेक्टर दीपक शर्मा, कार्तिक, भौमिक, संतकुमार कुशवाहा, डीके राणा आदि को विक्रय करने पर इनके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया जाए। इनके द्वारा मूल दस्तावेजों में कूट रचना कर फर्जी दस्तावेज तैयार करा विक्री की गई और पुश्तैनी रूप से भूमि में निवास करने वाले ग्रामीण आदिवासियों पर संकट आ खड़ा हुआ। इस मामले में गरीबों को न्याय प्रदान किया जाए ताकि उनका घर उजडऩे से बच सके और आदिवासी पलायन करने को मजबूर नहीं हों। आदिवासियों ने बताया कि उन पर लगातार दबाव बनाया जा रहा है कि वे भूमि खाली कर दें।

### भू माफियाओं से तंग हैं

जानकारी मिली है कि केवल मैकी ग्राम ही नहीं बल्कि मुख्यालय के समीपी लगभग सभी गांवों में भूमाफिया सक्रिय है और लोगों को उजाडऩे का प्रयास कर रहा है। राजस्व अमले से सांठगांठ कर कूट रचित दस्तावेज तैयार कर जमीने हड़पने का प्रयास कर रहा है। ग्रामपंचायतों में आज ऐसे विवाद बढ़ते जा रहे हैं जहां लोगों ने पीढिय़ों से चल रहे आम रास्तों पर, चरागन भूमियों और श्मशान भूमियों पर कब्जा कर परेशानियां खड़ी कर दी है। अदालतों में ऐसे विवाद बढ़ते जा रहे हैं, ग्रामीणों का निस्तार बंद होता जा रहा है। राजस्व अमला केवल माफियाओं का शुभ चिंतक बना हुआ है और काला धन बटोर रहा है। सरकारी जमीने खुर्द-बुर्द हो रही हैं, सरकारी रिकार्डों में भी छेड़छाड़ की जा रही है। प्रशासन द्वारा आरआई, पटवारियों पर अंकुश नहीं लगाया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### कमिश्नर ने सुनी लोगों की फरियाद



शहडोल। कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने संभाग के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और समस्याओं तथा शिकायतों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में राजस्व से संबंधति, पीएम किसान, पीएम आवास, सीएम किसान, आर्थिक सहायता, खाद्य, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, जनजातीय विभाग सहित शासन द्वारा संचालित अन्य योजनाओं से संबंधित शिकायतों के आवेदन प्राप्त हुए जिनका निराकरण हेतु कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर आवेदन प्रेषित कर त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

### चार स्थायी वारंटी गिरफ्तार

शहडोल। जिले में अपराध पर नियंत्रण एवं वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पुलिस ने 25 मार्च को चार स्थायी गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। दुल्ला पालिहा पिता मना पालिहा उम्र 35 वर्ष, दौली पांडो पिता बुद्धा पांडो उम्र 45 वर्ष, तिलक राज पिता बुद्धा पांडो उम्र 40 वर्ष, राजकुंवर पिता तिलक राज पांडो उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम कोठी ताल थाना जैतपुर को गिरफ्तार कर सभी आरोपी न्यायालय द्वारा जारी स्थायी गिरफ्तारी वारंट के बावजूद लंबे समय से फरार चल रहे थे।

### लापता नाबालिग दस्तयाब

शहडोल। 22 मार्च को कोतवाली में फरियादी द्वारा थाना उपस्थित होकर मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उनकी उम्र 14 वर्षीय नाबालिग पुत्री 22 मार्च को रात्रि में अपने कमरे से अचानक लापता हो गई। परिजनों द्वारा आस-पास एवं रिश्तेदारों में तलाश करने के उपरांत भी कोई पता नहीं चला। उक्त रिपोर्ट पर थाना कोतवाली शहडोल में अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 मार्च को नाबालिग बालिका को जिला उमरिया बस स्टैंड से आरोपी बाल किशन प्रजापति के कब्जे से दस्तयाब किया गया। साथ ही आरोपी नवल किशोर प्रजापति को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### एक राष्ट्र एक चुनाव जिला स्तरीय सम्मेलन आज

शहडोल। लोकहित में एक राष्ट्र एक चुनाव के बहुआयामी सकारात्मक परिणाम के परिपेक्ष में राष्ट्रव्यापी विचार एवं परामर्श सम्मेलन का आयोजन मानस भवन में आज 26 मार्च को दोपहर 1:30 बजे आयोजित किया गया है। एक राष्ट्र एक चुनाव राष्ट्रव्यापी विचार सम्मेलन को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के सेवानिवृत न्यायाधिपति रिटायर्ड जस्टिस रोहित आर्या संबोधित करेंगे।

# पुरानी रंजिश के चलते युवक ने लगाई घर में आग



शहडोल।

जिले के अमलाई थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 9 रेलवे कॉलोनी में एक युवक ने पुरानी रंजिश के चलते एक घर को आग के हवाले कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन जब तक आग पर काबू पाया गया, तब तक घर में रखा सारा सामान जल गया। पीड़िता भारती पनिका ने मामले की शिकायत पुलिस से कर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। भारती पनिका ने बताया कि उनका परिवार रिश्तेदारी में धनपुरी गया था, इस दौरान घर में ताला लगा था। इसी बीच आरोपी संतोष केवट ने उनकी अनुपस्थिति का लाभ उठाते हुए घर में आग लगा दी।

भारती ने पुलिस को बताया हमारा परिवार धनपुरी में था, ऐसे में सोमवार रात को आरोपी ने घर में आग लगाई और भागने लगा। लेकिन, पड़ोसियों ने उसे भागते हुए देख लिखा, उन्होंने उसेस पकडऩे की कोशिश भी की, लेकिन वह बच निकला। इसके बाद पड़ोसियों ने सूचना दी तो हम वापस लौटे। इधर, लोगों की सूचना पर दमकल विभाग की टीम और पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बाद आग पर काबू पाया गया। भारती ने बताया कि घटना में करीब दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

### इनका कहना है...

घर में रखा लगभग 2 लाख रुपये का सामान जल गया है, आरोपी संतोष केवट के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुरानी रंजिश के चलते घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करेगी।

**जयप्रकाश शर्मा**
**थाना प्रभारी, अमलाई**

# बदमाशों ने की स्कूल में घुसकर तोड़फोड़

शहडोल।



जिले के ब्यौहारी के अखेटपुर स्थित सरस्वती स्कूल में अज्ञात बदमाशों ने बीती रात तोडफ़ोड़ की घटना को अंजाम दिया। इस घटना ने न केवल स्कूल प्रशासन बल्कि पूरे गांव के लोगों को हैरान कर दिया है। बदमाशों ने स्कूल की संपत्तियों को नुकसान पहुंचाते हुए रजिस्टर को आग के हवाले कर दिया और कई दरवाजों और पंखों में तोडफ़ोड़ की। घटना के बारे में स्कूल के प्राचार्य शिवकुमार पटेल ने कहा कि यह घटना हमारे लिए एक बड़ा सदमा है। स्कूल की संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने का मकसद समझ से परे है। हम इस संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज करवा चुके हैं और आशा करते हैं कि दोषियों का जल्द पता चल सकेगा। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए अज्ञात बदमाशों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

स्थानीय निवासियों ने इस घटना पर चिंता व्यक्त की है। गांव के एक निवासी ने कहा कि विद्यालय हमारी सांस्कृतिक और सामाजिक धरोहर है। ऐसी घटनाएं न केवल शिक्षा के माहौल को प्रभावित करती हैं, बल्कि बच्चों के भविष्य के प्रति भी खतरा बनती हैं। हम सभी को इस पर एकजुट होकर ध्यान देना होगा। इस घटना ने न केवल स्कूल के वातावरण को ही प्रभावित नहीं किया, बल्कि गांव में भी भय और असुरक्षा का माहौल पैदा कर दिया है। प्रशासन और पुलिस की तरफ से इस मामले में शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा की जा रही है, ताकि ऐसे अपराधों को रोका जा सके और समाज में एक सकारात्मक वातावरण का निर्माण हो सके।

### इनका कहना है...

हमने प्राचार्य की शिकायत पर मामले की जांच शुरू कर दी है। बदमाशों ने स्कूल के कई दरवाजों के ताले तोड़े और अंदर मौजूद जरूरी कागजातों को भी नुकसान पहुंचाया है। हमारी टीम अपराधियों की तलाश में जुटी है।

**अरुण पाण्डेय**
**थाना प्रभारी, ब्यौहारी**

# डॉक्टर का फरमान : इलाज कराना है तो पहले अंग्रेजी सीखिए

शहडोल।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के शहडोल संभागीय मुख्यालय पर स्थित इकलौते अस्पताल की हालात बद से बदतर हो चुकी है, यहां यदि किसी को इलाज करना है तो उसे या तो तेलुगु और आंध्र की भाषा सीखनी पड़ेगी या फिर उसे अंग्रेजी आनी चाहिए, जिस डॉक्टर को यहां पर पदस्थ किया गया है, उसे इन भाषाओं के अलावा किसी और भाषा का ना तो ज्ञान है और नहीं वह सीखना और उपयोग करना चाहते हैं। यह मामला जब प्रकाश में आया तब दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के दर्जनों कर्मचारी और यूनियन के पदाधिकारी हड़ताल पर बैठ गए और उन्होंने इस संदर्भ में चिकित्सक के स्थानांतरण करने की मांग उठाई। 13 सूत्रीय मांगों में उन्होंने अन्य समस्याओं का भी उल्लेख किया तथा तत्काल प्रभाव से चिकित्सक टी.राजेश को यहां से हटाने और उसके खिलाफ कार्यवाही करने की भी मांग की गई, बताया गया कि टी.राजेश को अंग्रेजी भाषा से बहुत प्रेम है और शायद वह हिंदी भाषा से नफरत करते हैं या फिर सीखना और बोलना ही नहीं चाहते, यहां इलाज कराने आ रहे रेलवे के कर्मचारियों से वह इंग्लिश और दक्षिण भारत की भाषाओं में ही बात करते हैं, जिस कारण चिकित्सक के द्वारा बताई जाने वाली बातें हैं और बीमारी के संदर्भ में दी जाने वाली सलाह किसी काम की नहीं रहती, खुद डॉक्टर टी.राजेश यहां आने वाले मरीज, रेलवे के कर्मचारियों और उनके परिजनों से इंग्लिश में अपनी समस्याएं बताने के लिए कहते हैं, गौरतलब कि रेलवे में कार्य कर्मचारियों और उनके परिजन हिंदी भाषा आसानी से न तो बोल सकते हैं और लगभग परिजनों और कर्मचारियों को इंग्लिश भाषा का इतना अच्छा ज्ञान नहीं है कि वह अपनी समस्याएं बीमारी और दुख तकलीफ इंग्लिश में चिकित्सक को बताएं या फिर अपने साथ एक ट्रांसलेटर लेकर आए हैं और भाषा परिवर्तित कर उन्हें अपनी समस्या बताएं। इस मामले की शिकायतें पहले भी वरिष्ठ अधिकारियों से की जा चुकी है , लेकिन इस संदर्भ में कोई भी पहल न होने पर मजबूरन कर्मचारियों और यूनियन को आगे आकर यह कदम उठाना पड़ा, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के स्थानीय कर्मचारियों ने इस संदर्भ में 13 सूत्र ज्ञापन भी वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपा है और उसमें तत्काल कार्यवाही की मांग की है, उन्होंने कहा है कि इस तरह के चिकित्सक की या नियुक्ति हो या ना हो उसका कोई लाभ रेलवे के कर्मचारियों को नहीं मिल पा रहा है, जिस कारण इस मामले को गंभीरता से लिया जाए और 13 सूत्री मांगों का निराकरण किया जाए।



### यह लिखा ज्ञापन में

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर संघ शाखा शहडोल के संज्ञान में कर्मचारियों की निम्न समस्याएं लाई। उपमंडलीय चिकित्सालय शहडोल में रेल कर्मचारी की तबीयत खराब होने पर भी आरएमसी में नहीं रखा जाता है, रनिंग कर्मचारियों को कई बार बोर्ड शॉर्ट का हवाला देकर आरएमसी में रखने से मना किया जाता है, जो की पूर्णता अमानवीय है। कर्मचारियों को सरदर्द या पेट में दर्द होने की समस्या के लिए चिकित्सक महोदय के पास जाने पर बिलासपुर रेफर करके दबाव बनाया जाता है। चिकित्सक से अपनी समस्या बताने और इंगलिश न समझ पाने के कारण बार-बार आरपीएफ से अरेस्ट कराने की धमकी दी जाती है।

### किया जा रहा प्रताड़ित

कर्मचारी जब चिकित्सालय बंद होने के बाद तबियत खराब होने पर रेलवे हॉस्पिटल में आकर ऑन ड्यूटी सिस्टर को दिखाता है और दवाई ले जाता है और सुबह चिकित्सक के पास जाकर मिलता है, उसके बाद भी उसे पिछली डेट की आरएमसी नहीं दी जाती है और नियम विरुद्ध तरीके से उसे प्रताड़ित किया जाता है। कर्मचारी द्वारा रात में तबीयत खराब होने पर और अपने ऑफिस में सूचित करने के बाद जब सुबह चिकित्सक के पास आता है तो उसे बीएमसी में रखने से मना कर दिया जाता है और या तो कर्मचारी प्राइवेट डॉक्टर के पास जाए या फिर अस्पताल और अपने कार्यालय के चक्कर लगाते रहने के कारण अपनी समस्या नही बता पा रहे हैं और कर्मचारी रिटायर हो चुके हैं, उन्हें भी अपनी सभी कर्मचारी सहायक मंडल चिकित्सा अधिकारी टी.राजेश के हिंदी भाषा का समझ ना होने के समस्या चिकित्सक को बताना अत्यत मुश्किल कार्य है, जो अन्य चिकित्सक न में पदस्थ है, उनकी अनुपलब्धता बनी रहती है, उपमंडलीय चिकित्सालय में दवाइयों की कमी हमेशा बनी रहती है।

### स्थानीय भाषा के जानकार को किया जाये पदस्थ

टी.राजेश का स्थानांतरण शीघ्र से शीघ्र अन्यत्र किया जा कर एक मिलनसार व स्थानीय भाषा के जानकार चिकित्सक की पदस्थापना रेलवे चिकित्सालय शहडोल में की जाए। ट्रेनों का परिचालन जिस प्रकार से बढ़ रहा है, उस प्रकार से कर्मचारियों की भर्ती नहीं की जा रही है, जिस वजह से अनावश्यक मानसिक दबाव में कर्मचारी कार्य कर रहे हैं, इसलिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर संघ कर्मचारियों के रिक्त पदों पर जल्द भर्ती की मांग करता है। लोको पायलट व सहायक लोको पायलट को बिना यार्ड एलआर के ही उन्हें डायग्राम बनाने पर मजबूर किया जा रहा है, जो न्याय उचित नहीं है, कृपया कर उन्हें प्रॉपर एलआर दिलवा कर उनसे डायग्राम रेडी करवाया जाए। कमर्शियल विभाग के कर्मचारियों के हर 3 साल में होने वाले ट्रांसफर पर रोक लगाई जाए। कैरिज एण्ड वैगन विभाग के कर्मचारियों के रुके हुए ओवरटाइम का भुगतान तुरंत करवाया जाए। शहडोल हेडक्वार्टर में पूर्व की भांति ट्रेन चेंजिंग स्टाफ कमर्शियल की सभी गाडिय़ां दी जाए। मंडल में कार्यरत सभी विभागों के कर्मचारियों का स्पाउस ग्राउंड व अनुरोध पर स्थानांतरण में लगी अघोषित रोक को शीघ्र हटाया जाए व उन्हें तुरंत छोड़ा जाए।

### महिला कर्मचारियों को अत्यधिक समस्या

लॉबियों में सिर्फ ज्यादातर साइडिंग कार्य पद्धति होने के कारण सहायक लोको पायलटो का लोको पायलट में 60000 किलोमीटर माइलेज कंप्लीट नहीं हो पता है, जिस वजह से उनका प्रमोशन समय पर नहीं हो पा रहा है, जिस पर कार्यवाही किया जाना चाहिए। मंडल में कार्यरत महिला कर्मचारियों के लिए रेलवे बोर्ड के दिशा निर्देशानुसार कई कार्यालयों में वॉशरूम व बैठक रूम ना होने के कारण महिला कर्मचारियों को अत्यधिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है जिसका निराकरण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए। मंडल में कार्यरत कर्मचारियों के लिए विभिन्न विभागीय परीक्षाएं जैसे जी डी सी व एलडीसी सही समय पर आयोजित ना होने के कारण कर्मचारी अपने प्रमोशन के अधिकारों से वंचित हो रहे हैं, जिस पर शीघ्र कार्य किया जाना चाहिए। ट्रैक मेंटेनर साथियों की पेट्रोलिंग बिट 12 किलोमीटर की जाय वा उन्हें साइकिल भुगतान किया जाय।

# अंग्रेजी शराब की बड़ी अवैध खेप जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार



शहडोल। जिले के अमलाई थाना क्षेत्र अंतर्गत 24 मार्च को गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई। सूचना के अनुसार एक सफेद रंग की बोलेरो पिकअप ओपीएम अमलाई बैम्बू गेट से बरगवां की ओर अवैध अंग्रेजी शराब का परिवहन कर रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए अमलाई पुलिस टीम द्वारा भवतारिणी मंदिर के पास कोतमा रोड पर घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोककर तलाशी ली गई। वाहन चालक सुनील दास पिता फगुनी दासए निवासी अमराडंडी बाजारए वार्ड नंबर 07 थाना अमलाई को मौके पर ही हिरासत में लिया गया, जबकि एक अन्य आरोपी सुनील सिंह निवासी अमलाई रेल्वे स्टेशन के पास थाना अमलाई अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गया। उक्त पिकअप वाहन की जांच करने पर उसमें 2021 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब एवं बीयर बरामद की गई, जिसकी कुल अनुमानित बाजार कीमती करीबन 9 लाख12 हजार 760 रूपये है।kआरोपी सुनील दास से उक्त शराब संबंधित वैध दस्तावेज मांग करने पर कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये गया। प्राथमिक पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि यह अवैध शराब अमलाई निवासी सुनील सिंह द्वारा शहडोल से लोड करवाई गई थी। घटना स्थल पर विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया एवं आरोपी विरुद्ध धारा 34/2 आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। साथ ही परिवहन में प्रयुक्त वाहन को भी जब्त कर लिया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी अमलाई के नेतृत्व में निरीक्षक जयप्रकाश नारायण शर्मा, सहायक उपनिरीक्षक दीपक तिवारी, अजमेर सिंह, प्रधान आरक्षक गणेश पाण्डेय, दशरथ प्रजापति, राकेश सिंह, नारेन्द्र सिंह, आरक्षक गुलाब सिंह, आत्माराम महोबिया की भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी आमजनों की समस्यायें



**उमरिया।** साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जिले के दूर दराज से आए लोगों की समस्याओं को सुना तथा उसका निराकरण भी कराया। जनसुनवाई में फूलचंद्र कोल ग्राम पंचायत नदावन ने सामुदायिक भवन में किए गए कार्य की मजदूरी का भुगतान कराने, राम गोपाल पाल नदावन ने ऋण में बैंक द्वारा अधिक ब्याज लिए जाने, राम किशोर यादव ग्राम झाल ने बाण सागर भूमि से अतिक्रमण हटाने, शिव प्रसाद कुशवाहा चंदिया ने स्थगन के बाद भी आवास बनाने, सुरेश चतुर्वेदी धनवाही ने नाडेप व किचन गार्डन का भुगतान कराने, बिटटी बाई ग्राम बांका ने भूमि रिकार्ड सुधार कराने, ललवा कुम्हार ग्राम मझगवां ने सीमाकन, तरमीम कराने, दीप सिंह ग्राम बडेरी ने सीमांकन कराने, समय लाल यादव बडवार ने बिजली बिल अधिक आने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, सीईओ करकेली हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारियों ने आम जनों की समस्याओं को सुना तथा उसका निराकरण कराया।

### 6 अप्रैल को मंगल भवन उमरिया में एक दिवसीय प्राकट्य पर्व

**उमरिया।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीरामनवमीं के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित मंगल भवन परिसर में 6 अप्रैल को प्राकट्य पर्व कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में मुनीन्द्र मिश्रा शहडोल एवं उनकी 7 सदस्यीय टीम व्दारा बघेली लोक गायन, अवंतिका दुबे खजुराहो एवं उनकी 10 सदस्यीय टीम व्दारा श्रीराम पर केन्द्रित नृत्य नाटिका , गिरीश ठाकुर जिला सिवनी एवं उनकी 10 सदस्यीय टीम व्दारा भक्ति गायन तथा मुस्कान चौरसिया जिला बालाघाट एवं उनकी 10 सदस्यीय टीम व्दारा भक्ति गायन की प्रस्तुति दी जाएगी।

### बजट का पूर्णतः उपयोग करनें के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**उमरिया।** वित्तीय वर्ष 2024-25 के समाप्त होने के कुछ ही दिन शेष है । कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने विभिन्न विभागों में उपलब्ध बजट की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि 30 मार्च के पहले शत प्रतिशत बजट का उपयोग सुनिश्चित किया जाए । जिससे बजट समर्पण या बजट लैप्स होने की स्थिति नही बनें । प्रमुख रूप से निर्माण विभागों , कृषि, वन, जन जातीय कार्य विभाग, पशु पालन विभाग तथा बीटीआर के अधिकारियों को निर्देश दिए गए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया, एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

कोल इंडिया में लिवर सिरोसिस अतिरिक्त रोग के रूप में शामिल है।

### लिवर सिरोसिस पीड़ित कोल कर्मी को मिलेगा विशेष अवकाश

**राजनगर।** कोल इंडिया ने लिवर सिरोसिस को गैर-कार्यकारी संवर्ग के कर्मचारियों को विशेष अवकाश प्रदान करने के लिए अतिरिक्त रोगों की सूची में शामिल कर लिया है। गत नौ दिसंबर 2024 को रायपुर में आयोजित जेबीसीसीआई 11 की मानकीकरण समिति की चौथी बैठक में यह निर्णय लिया गया था। इस संबंध में कोल इंडिया के जीएम (औद्योगिक संबंध व श्रम शक्ति) गौतम बनर्जी के हस्ताक्षर से अधिसूचना जारी कर दी गयी है. इसके मुताबिक लीवर सिरोसिस सहित कई अन्य रोगों से पीड़ित गैर-कार्यकारी संवर्ग के कर्मचारियों को उनके पारिश्रमिक के 50 प्रतिशत पर विशेष अवकाश प्रदान किया जायेगा। जब तक कि उन्हें कंपनी के मेडिकल बोर्ड या किसी अन्य अस्पताल द्वारा फिट घोषित नहीं कर दिया जाता है।

---

### खाद्य सुरक्षा प्रशासन की जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

# खाद्य पदार्थों की नियमित जांच के कलेक्टर ने दिए निर्देश




**उमरिया।** खाद्य सुरक्षा प्रशासन की जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में संपन्न हुई । कलेक्टर ने खाद्य पदार्थो से संबंधित संचालित प्रतिष्ठानों की नियमित जांच करने, अमानक या एक्स्पायरी खाद्य पदार्थो का विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों के विरूद्ध न्यायालयीन कार्यवाही करने, बिना पंजीयन अथवा अनुज्ञप्ति प्राप्त किए प्रतिष्ठान संचालित करने वाले लोगों पर कार्यवाही करनें के निर्देश जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी को दिए। उन्होने कहा कि अमानक खाद्य पदार्थ मिथ्याछाप खाद्य तथा असुरक्षित खाद्य पदार्थ का विक्रय करने वाले लोगों पर शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के तहत कार्यवाही की जानी चाहिये। कलेक्टर ने कहा कि खाद्य सुरक्षा से संबंधित जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करनें तथा समस्त स्व सहायता समूहों , आंगनबाडी एवं सेंटलाइज किचन का खाद्य विभाग से पंजीयन अनिवार्य रूप से प्राप्त करनें के निर्देश दिए । विभिन्न शासकीय योजनाओं में फोर्टीफाईड भोज्य पदार्थ का उपयोग करनें की सलाह दी।

#### 35 नमूने की जांच लंबित

जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी मंजू वर्मा ने बताया कि 1 जनवरी 2024 से मार्च 2025 तक जिले में नमूना संग्रहण के 70 के लक्ष्य के विरूद्ध 121 , सर्विलांस नमूना के 280 के विरूद्ध 289 , निरीक्षण 120 के विरूद्ध 181 तथा चलित खाद्य प्रयोगशाला द्वारा 89 नमूने संग्रहित किए गए । जिनमें से 86 मानक पाए गए तथा 3 नमूने अमानक पाए गए। 35 नमूने जांच के लिए लंबित है । अपर कलेक्टर न्यायालय में दर्ज किए गए प्रकरणों में से 3 का निराकरण कर 12 हजार रूपये की अर्थदंड वसूली की गई है तथा 3 प्रकरण अनिर्णयित है । जिले में 265 अनुज्ञप्तियां तथा 664 पंजीयन जारी किए गए है, जिनसे 13 लाख 90 हजार 600 रूपये की राजस्व प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि असुरक्षित खाद्य एवं बिना लाइसेंस के व्यापपार संबंधी प्रकरणों को प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में प्रस्तुत किया जाता है जिनमे आजीवन कारावास का प्रावधान है ।




#### बढ़ेगा जनता में विश्वास

अशासकीय सदस्यों अभिषेक अग्रवाल तथा श्याम गुप्ता ने नियमित रूप से खाद्य सामग्री का विक्रय करने वाले संस्थानों की नियमित जांच करनें , अपमिश्रित दूध, सेंथेटिक दूध एवं मावा की जांच करनें का सुझाव दिया । उन्होने कहा कि निरंतर कार्यवाही से जनता में विश्वास बढ़ेगा तथा लोगों को शुद्ध खाद्य सामग्री प्राप्त हो सकेगी।

#### ये रहे मौजूद

बैठक में अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया, सीएमएचओ डा एस बी चौधरी, उद्योग विभाग से अमन व्दिवेदी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग मनमोहन सिंह कुशराम, जिला आपूर्ति अधिकारी बी.एस.परिहार, उप संचालक कृषि संग्राम सिंह मरावी, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से विनोद मिश्रा , अशासकीय सदस्यं अभिषेक अग्रवाल एवं श्याकम गुप्ता , बुध्दराम रहंगडाले, राघवेन्द्र तिवारी उपस्थित रहे ।

---

# विश्व क्षय दिवस पर कार्यक्रम संपन्न




**उमरिया।** विश्व क्षय दिवस पर सामुदायिक भवन उमरिया में संपन्न कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री के टीवी मुक्त भारत अभियान के तहत के स्वास्थ्य विभाग के कार्यकर्ताओं के साथ-साथ ग्राम पंचायत एवं ग्राम स्तर पर जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन को भी आगे आकर इसके प्रति जागरूक होना आवश्यक है जिससे कि जल्द से जल्द टीवी बीमारी से ग्राम व पंचायत एवं जिले को मुक्त किया जा सके । स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय-समय पर टीबी स्क्रीनिंग अभियान चलाया जा रहा है। बलगम के नमूने लेकर उन्हें सीबीनेट और टूनेट मशीनों द्वारा निशुल्क जांच की जाती है, जिससे में क्षयरोग के मामलों की शीघ्र पहचान हो रही है। कलेक्टर द्वारा स्वास्थ्य विभाग के जमीन स्तर पर कर रहे स्वास्थ्य कर्मियों को विश्व छह दिवस के अवसर पर कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया एवं बधाई प्रेषित की ।

### जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि गेहूं का उपार्जन शासन व्दारा घोषित समर्थन मूल्य 2425 रूपये प्रति क्विटल एवं बोनस 175 रूपये प्रति क्विटल की दर से निर्धारित अवधि 15 मार्च से प्रारंभ होकर 5 मई तक किया जाना है । उमरिया जिले में 35 गेहूं खरीदी केन्द्र बनाये गये है । कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि जिले में पंजीकृत कृषकों को गेहूं पंजीयन, उपार्जन अवधि के दौरान आने वाली समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है । कंट्रोल रूम के लिए प्रभा बडकरे कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी बांधवगढ मोबाइल नंबर 9993883624 को प्रभारी अधिकारी एवं सुजीत सिंह कम्प्यूटर आपरेटर मोबाइल नंबर 9754234178 को सहायक के रूप मे अधिकृत किया गया है । अधिकारी कर्मचारी जिले के कृषको से प्राप्त होने वाली शिकायतों को वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में लाकर शिकायतों का त्वरित निराकरण करना सुनिश्चित करेंगे ।

# पोषण भी पढाई के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



**उमरिया।** बच्चों में प्रारंभिक बाल्यावस्था उद्दीपन एवं 3 से 6 साल के बच्चों के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं षिक्षा के सुदृढगीकरण हेतु पोषण भी पढाई भी कार्यक्रम अंतर्गत जिले की समस्त आंगनबाडी कार्यकर्ताओ का तीन दिवसीय प्रषिक्षण आयोजित किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग मनमोहन सिह कुषराम ने बताया कि प्रथम चरण में 24 से 26 मार्च तक प्रषिक्षण आयोजित किया जा रहा है। गत दिवस मानपुर, पाली , उमरिया क्रमांक 1 तथा उमरिया क्रमांक 2 में प्रषिक्षण आयोजित किया गया। गत दिवस आयोजित प्रशिक्षण का भूपेन्द्र दांडी सहायक निदेशक, महिला एवं बाल विकास संस्थान निप्सिड इंदौर द्वारा पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम का निरीक्षण किया गया। प्रशिक्षण की व्यवस्था एवं कार्यकर्ताओ को अपने क्षेत्र में वास्तविक रूप से कैसे लागू करे इसके संबंध में मार्गदर्शन दिया गया।

---

# मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत आज रवाना होगी ट्रेन

### तीर्थ यात्रियों के आगमन एवं प्रस्थान तक के लिए अधिकारियों की लगाई ड्युटी

**उमरिया।** डिप्टी कलेक्टर मिनांक्षी इंगले ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत वाराणसी काशी आयोध्या तीर्थ के लिए ट्रेन आज 26 मार्च को रात्रि 8.30 बजे उमरिया रेल्वे स्टेषन से रवाना होगी । तीर्थ यात्रा के लिए 200 तीर्थ यात्रियों का चयन किया गया है । उन्होने बताया कि तीर्थ यात्रियों के आगमन एवं प्रस्थान तक के लिए अधिकारियों की डयुटी लगाई गई है जिसमें जनपद पंचायत मानपुर, नगर परिषद मानपुर के लिए कन्हैयादास पनिका तहसीलदार मानपुर, राजेन्द्र त्रिपाठी सीईओ मानपुर, प्रभुनाथ पटेल , उपयंत्री नगर परिषद मानपुर , नगर पालिका , परिषद पाली, नौरोजाबाद के लिए डीलन सिंह मरावी तहसीलदार तहसील पाली, कन्हाई कुंवर सीईओ जनपद पंचायत पाली, भूपेन्द्र सिंह पेन्ड्रों सीएमओ पाली, जनपद पंचायत करकेली, तहसील करकेली के लिए हरनीत कौर कलसी सीईओ करकेली, शिव भट्ट एडीईओ जनपद पंचायत करकेली, प्रखर कस्तवार एडीईओ जनपद पंचायत करकेली, तहसील बांधवगढ, नगर पालिका, परिषद उमरिया , चंदिया के लिए संतोष चौधरी नायब तहसीलदार बिलासपुर, कर्तव्यष अग्रवाल नायब तहसीलदार चंदिया, किशन सिंह सीएमओ उमरिया, देव कुमार गुप्ता उपयंत्री नगर पालिका उमरिया शामिल है । डिप्टी कलेक्टर ने कहा है कि अधिकारीगण अपने क्षेत्र अंतर्गत चयनित तीर्थ यात्रियो को ट्रेन रवाना होने के तीन घंटे पूर्व रेलवे स्टेशन पर उपस्थित कराते हुए समय समय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमरिया को अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे ।

# सीटू ने गर्मजोशी के साथ मनाया शहीद ए आजम का 94वां शहादत दिवस



**जैतहरी।** संयुक्त ठेकेदारी मजदूर यूनियन सीटू जैतहरी जिला अनूपपुर के तत्वाधान में शहीद ए आजम भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव का 94वां शहादत दिवस ग्राम पंचायत क्योटार नया टोला में गर्म जोशी के साथ मनाया गया। सबसे पहले शहीदों के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके शहादत को सम्मान किया, तत्पश्चात मीटिंग की गई जिसमें बोलते हुए यूनियन के अध्यक्ष कामरेड जुगुल किशोर राठौर ने कहा कि शहीद ए आजम भगत सिंह एवं उनके साथियों को फांसी की सजा क्यों दी गई, आखिर हमारे अमर शहीद इस देश को किस रूप में देखना चाहते थे जिसके चलते ब्रिटिश हुकूमत को नागवार गुजरा, जिसके कारण उनको फांसी की सजा दी गई। उन्होंने कहा कि आजादी के पहले का भारत और आजादी के बाद का भारत की जो तस्वीर दिखाई दे रही है, उसमें कोई खास अंतर नहीं समझ में आ रहा है आज हमारे देश के विकास का आधारशिला रखने वाले मजदूर एवं देश का पेट पालने वाले किसानो की हालात बद से बदतर है, पढ़ें लिखे नौजवान नौकरी के लिए दर दर ठोकरें खाता घूम रहा है जिसपर सरकार का कोई योजना नहीं है। शोषण, जुल्म एवं अन्याय दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, बेटियां असुरक्षित है, शिक्षा का स्तर दिन प्रतिदिन गिरता जा रहा, स्वास्थ्य सुविधाएं की स्थिति लचर है जिसपर सरकार कोई ठोस प्लान नहीं बना रही है, सिस्टम बेईमानी की सारी हदें पार कर चुकी हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस वर्मा के घर में मिली बेहिसाब संपत्ति सरकार के अकर्मण्यता एवं विफलता का सबसे बड़ा सबूत है। कामरेड जुगुल राठौर ने मोजर बेयर पावर प्लांट के वायदा खिलाफी एवं बेईमानी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि मोजर बेयर पावर प्लांट प्रबंधन पुनर्वास के शर्तों एवं श्रम कानून का धज्जियां उड़ाई जा रही है और जिम्मेदार सीएसआर की राशि का चटनी चाट कर प्रबंधन को कानून की धज्जियां उड़ानें एवं मनमानी करने की खुली छूट दे रखी है। मजदूर एवं किसान प्रबंधन की लूट एवं शोषण से कराह रही है। उन्होंने कहा कि गांव का गरीब किसान यदि धोखे से भी शासन के जमीन पर कब्जा कर लिया तो उसके घर में बुल्डोजर चल जाती है लेकिन वही मोजर बेयर पावर प्लांट प्रबंधन मध्यप्रदेश शासन की 57 एकड़ भूमि वर्षों से कब्जा किया हुआ है जिस पर जिम्मेदार चूं तक नहीं बोलते है। बैठक को युनियन के महासचिव कामरेड सहसराम चौधरी, ग्राम पंचायत चोरभठी के उपसरपंच का दया राम राठौर, किसान नेता कामरेड कमलेश सिंह, कामरेड राजकुमार, का रमेश सिंह, का राजेन्द्र सिंह, काम ओमप्रकाश, काम आनन्द राम काम मोती लाल रजक आदि वक्ताओं ने संबोधित करते हुए शहीद-ए-आजम भगत सिंह के सपनों का भारत बनाने के लिए संघर्ष करने का संकल्प दोहराया है।

---

# एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम में शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

### वीर नारियों, सैनिकों व अग्निवीरों का हुआ सम्मान




**उमरिया।** जनगण स्वाधीनता मंच, उमरिया द्वारा आयोजित एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम मंगल भवन परिसर में संपन्न हुआ। यह आयोजन शहीदों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं वीर जवानों को श्रद्धांजलि देने के लिए किया गया। इस अवसर पर देश के विभिन्न हिस्सों से आए विशिष्ट अतिथि, वीर नारियां, सैनिकों के परिजन, प्रशासनिक अधिकारी एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के तेल चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम गीत के सामूहिक गायन से हुई। इसके बाद मंच को संबोधित करते हुए मराठा साम्राज्य के महान योद्धा बाजीराव पेशवा के 14वें वंशज, प्रभाकर नारायण राव पेशवा जी ने कहा कि शहीदों का सम्मान और देश के प्रति समर्पण ही सच्ची राष्ट्रभक्ति है। हमें उनके बलिदान को केवल याद ही नहीं करना चाहिए, बल्कि अपने कर्मों से राष्ट्र के प्रति कृतज्ञता भी व्यक्त करनी चाहिए। राष्ट्र को सशक्त करने का मार्ग केवल इतिहास को संजोने और उसे आने वाली पीढिय़ों तक पहुंचाने से ही संभव होगा। उन्होंने कहा कि भारत के गौरवशाली इतिहास में अनेक वीरों ने अपने प्राणों की आहुति दी है, जिनमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों से लेकर आज के आधुनिक सैनिक भी शामिल हैं। हम सभी का कर्तव्य है कि उनकी वीरता और बलिदान को केवल स्मरण ही न करें, बल्कि उसे अपनी जीवनशैली में आत्मसात करें । जनगण स्वाधीनता मंच के संयोजक मान सिंह ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य केवल श्रद्धांजलि देना ही नहीं, बल्कि समाज में राष्ट्रप्रेम की भावना को पुनर्जीवित करना है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक मिशन है, जिससे हम अपनी आने वाली पीढ़ी को अपने पूर्वजों के इतिहास से जोडऩा चाहते हैं, ताकि उनके त्याग और बलिदान की गाथा चिरस्थायी बनी रहे। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में सेवानिवृत्त सैनिकों, वर्तमान सेना के जवानों एवं अग्निवीरों को सम्मानित किया गया। साथ ही, वीर नारियों और उनके परिजनों को भी मंच से विशेष रूप से सम्मानित कर उनके त्याग और समर्पण को नमन किया गया। विशेष रूप से, वीर नारी शांति देवी (पति शहीद सीताराम रघुवंशी) का सम्मान किया गया, जिन्होंने देश के लिए अपने पति को बलिदान करते देखा, लेकिन फिर भी राष्ट्रसेवा की भावना को बनाए रखा। कार्यक्रम में देशभर के प्रसिद्ध राष्ट्रीय कवियों ने अपने ओजस्वी काव्य पाठ से समां बांध दिया। राष्ट्रीय कवि गजेंद्र सोलंकी (दिल्ली) ने अपने प्रभावशाली काव्य से राष्ट्रवाद की भावना को प्रबल किया। सुमित मिश्रा (ओरछा) ने अपने जोशीले अंदाज में शहीदों के बलिदान को याद किया। साक्षी तिवारी (लखनऊ) ने अपनी भावनात्मक काव्य प्रस्तुति से पूरे माहौल को देशभक्ति से भर दिया। इसके अलावा, देशभक्ति गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया इस आयोजन में विभिन्न संस्थाओं ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उमरिया चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स, प्रयासम संस्था चंदिया, मातृशक्ति संगठन उमरिया, तृतीय वर्ग लिपिक संघ उमरिया, आजाद अध्यापक शिक्षक संघ उमरिया एवं अन्य संगठनों ने आए हुए अतिथियों का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया।। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ.ब्रजेश शर्मा ने अपनी प्रभावशाली शैली में संभाला। उनके जोशीले अंदाज ने पूरे कार्यक्रम को ऊर्जावान बनाए रखा। समापन अवसर पर भारत माता की आरती का सामूहिक गायन किया गया, जहां उपस्थित जनसमूह ने एक स्वर में 'वंदे मातरम और 'भारत माता की जय' के उद्घोष के साथ इस ऐतिहासिक आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न किया। कार्यक्रम में प्रदेश एवं जिले के अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रहीकृ जिसमे प्रमुख रूप से आलोक , शिवनारायण , प्रजातंत्र गंगेले, बड़वारा विधायक धीरेंद्र सिंह धीरू, उमरिया कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, उपसंचालक बीटीआर पीके वर्मा, जनप्रतिनिधि आशुतोष अग्रवाल, अपर कलेक्टर गोविंद सिंह मरकाम, एसडीएम कमलेश नीरज, समाजसेवी कपिल मलैया (सागर), दिनेश त्रिपाठी, मिथिलेश मिश्रा, पूर्व विधायक शकुंतला प्रधान, प्रकाश पालीवाल, रामकिशोर चतुर्वेदी, नवनीत चतुर्वेदी (कटनी)हरीश विश्वकर्मा, रामपाल (अनूपपुर), अनिल द्विवेदी, रमाशंकर तिवारी,धनुषधारी सिंह, जनदुनिया संपादक संतोष गुप्ता, सुरेंद्र गौतम, छोटेलाल सिंह, राजेंद्र तिवारी, श्रीमती सोनिया मिश्रा (सेंट्रल एकेडमी), विश्वजीत पांडे (आरसी स्कूल), जनगण स्वधीनता मंच के समस्त सदस्य, प्रशासनिक अधिकारी, पत्रकार बंधु एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर

**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र में रविवार रात करीब 11 बजे एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। घटना कटनी-विजयराघवगढ़ रोड पर चाका स्थित हनुमान मंदिर के पास हुई। अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में कन्हवारा निवासी आनंद लोधी (26) और राजा यादव (35) घायल हो गए। दोनों को तत्काल 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया। हादसे के वक्त दोनों युवक कटनी से अपने गांव कन्हवारा जा रहे थे। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वाहन और चालक की तलाश जारी है। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान आनंद लोधी ने दम तोड़ दिया। जबकि राजा यादव का इलाज जारी है। सोमवार सुबह पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया। पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया।

### तीन सालों से फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार

**कटनी।** लंबे समय से फरार चल रहे एक स्थायी वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी बिलहरी सुयश पाण्डेय ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम करहिया कला में मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी जो तीन वर्ष से फरार स्थायी वारंटी अनिल नरगडिया पिता सिद्धा नरगडिया 34 वर्ष को घेराबंदी कर पकड़ा। स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया । उक्त स्थायी वारंटी को पकड़ने में थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक राजेंद्र मिश्रा, चौकी प्रभारी बिलहरी सुयश सुयश पाण्डेय ,प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र यादव, प्रधान आरक्षक भरत विश्वकर्मा, आरक्षक सौरभ जैन, संदीप भलावी की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

### अग्निवीर भर्ती योजना में 10 अप्रैल तक कर सकते हैं आवेदन

**कटनी।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी अग्निपथ योजना के तहत भारतीय सेना में अग्नि वीरों की भर्ती के रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं। अग्निपथ भर्ती वर्ष 2025-26 के लिए इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट कर ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की अंतिम तिथि 10 अप्रैल है। अग्निपथ योजना के तहत ऑनलाइन परीक्षा के लिए अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा शुल्क के तौर पर 250 रुपये का भुगतान किया जाना है। भर्ती वर्ष 2025-26 के लिए अग्नि वीरों की भर्ती दो चरणों में की जाएगी। प्रथम चरण में लिखित परीक्षा तथा द्वितीय चरण में फिजिकल फिटनेस टेस्ट एवं तृतीय चरण में मेडिकल परीक्षण का आयोजन किया जाएगा। भारतीय सेना की अग्निपथ योजना देश के युवाओं को एक सम्मानजनक और साहसिक करियर का अवसर प्रदान करती है। यह योजना 17.5 से 21 वर्ष के युवाओं के लिए एक सुनहरा मौका है, जहाँ उन्हें अनुशासन, युद्ध कौशल और आत्मनिर्भरता की कठोर ट्रेनिंग दी जाती है। सफल उम्मीदवार न केवल भारतीय सेना का गौरव बनते हैं, बल्कि अपने उज्ज्वल भविष्य की नींव भी मजबूत करते हैं। ऐसे आवेदक जिनके अंदर देश सेवा का जज्बा है और एक गौरवशाली जीवन जीने की इच्छा रखते हैं, तो अग्निवीर भर्ती में आवेदन कर सकते है।

### शासकीय स्कूलों में छात्रों के प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**कटनी।** शासकीय स्कूलों में प्रवेष प्रारंभ हो चुकें हैं नया शिक्षा सत्र शुरू होने वाला है। डी.ई.ओ. ने अभिभावकों से अपील की है कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अपने बच्चों को सर्व सुविधायुक्त सरकारी स्कूलों में ही प्रवेष दिलवायें। डी.ई.ओ. पी.पी. सिंह ने कहा कि हमें बच्चों को सरकारी स्कूलों में प्रवेश इसलिए दिलाना चाहिए क्योंकि शासकीय विद्यालयों में अध्यापन कार्य करने वाले शिक्षक प्रतिक्षित एवं अनुभवी होने के साथ-साथ अपने विषय में दक्ष होते हैं। साथ ही बच्चों की शिक्षा के दौरान आप भारीभरकम फीस देने से बच जाते हैं क्योंकि यहाँ संपूर्ण षिक्षा मुफ्त होती है। शासकीय विद्यालयों में बच्चों को सर्वांगीण विकास के लिए गतिविधि आधारित शिक्षण, कमजोर छात्र-छात्राओं पर विशेष ध्यान, निःषुल्क यूनिफार्म, पुस्तकें एवं साइकिलें, प्रदान करने व्यवस्था की जाती है।

## शिविर के युवा संसद में बेबाकी से युवाओं ने रखे अपने विचार

# भारतीय लोकतंत्र में मतदान की अनिवार्यता होनी चाहिए

ब्यौहारी

शासकीय महाविद्यालय ब्यौहारी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के इकाई स्तर शिविर का आज तृतीय दिवस रहा, जिसमें प्रातः काल से ही दैनिक गतिविधियों के माध्यम से स्वयंसेवकों में सेवाभाव के शौर्यता का उगता हुआ सूरज देखा गया ।शिविर में युवाओं को उनके कार्य सौंपे गए जिनमें युवाओं ने श्रमदान के तहत पूर्व माध्यमिक विद्यालय बेड़रा के प्रवेश द्वार, रोड में श्रमदान किया एवं दोपहर के बाद बौद्धिक सत्र आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में अंग्रेजी साहित्य के व्याख्याता श्री राकेश मिश्रा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ब्यौहारी द्वारा छात्रों को डिजिटल साक्षरता से संबंधित जानकारी प्रदान की गई।



बौद्धिक सत्र के उपरांत शिविर में युवा सांसद सभा आयोजित की गई युवा संसद का विषय भारतीय लोकतंत्र में मतदान की अनिवार्यता होनी चाहिए इस विषय पर युवाओं ने चर्चा की ।संध्याकालीन संस्कृति कार्यक्रम में श्री नीरज गुप्ता अध्यक्ष जिला अंत्योदय समिति शहडोल, श्री पुष्पेंद्र पटेल जिला सचिव ग्राम भारती शहडोल, श्री रूपेश गुप्ता जी सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित हुए । सांस्कृतिक कार्यक्रम में बधाई अहिर राई साथ ही डिजिटल स्कैम एवं शुद्ध के लिए युद्ध जैसे कला पर युवाओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई । कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम अधिकारी श्री आर.पी. कुशवाहा द्वारा समस्त अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया,और सभी अतिथियो को आभार व्यक्त किया।जिसमें उनके साथ शिविर संचालक जितेंद्र तिवारी भी मौजूद रहे ।

# हायर सेकेण्डरी की गणित विषय की परीक्षा संपन्न

उमरिया।

माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल व्दारा आयोजित हायर सेकेण्डारी की गणित विषय की परीक्षा जिले के 34 परीक्षा केन्द्रों में संपन्न हुई। परीक्षा में कुल दर्ज 578 परीक्षार्थियों में से 575 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी वहीं 3 परक्षार्थी अनुपस्थित रहे । परीक्षा में किसी भी परीक्षा केन्द्र में नकल प्रकरण दर्ज नहीं हुये।

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन में जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों पर निरीक्षण दलों द्वारा सघन निरीक्षण किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी मण्डल परीक्षा अभय सिंह द्वारा मण्डल के निर्देशानुसार परीक्षा केन्द्रों में नियुक्त कलेक्टर प्रतिनिधियों द्वारा प्रश्नपत्र थाने से निकालने एवं परीक्षा केन्द्र तक ले जाने व परीक्षा केन्द्र में मोबाईल एप के माध्यम से किये जाने वाले कार्य की मॉनीटरिंग की गई व समय पर सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा प्रारंभ होने के उपरांत निर्धारित प्रारूप में जानकारी माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल की ओर भेजने के निर्देश दिये गये। मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा मण्डल परीक्षा से संबंधित समस्त गतिविधियों पर सतत निगरानी रखते हुये निरंतर सभी कार्यों की मॉनीटरिंग प्रतिदिन की जा रही है।

जिला शिक्षा अधिकारी आर.एस. मरावी व ए.डी.पी.सी. बी.एस. मरावी तथा ए.पी.सी. विनीत कुमार के.व्ही. द्वारा परीक्षा केन्द्र शा.उ.मा.वि. लोढा , शा. उमावि कन्या चंदिया, शा.उ.मा.वि. कौडिया, एवं शा. उमावि बिलासपुर का निरीक्षण किया गया। परीक्षा शांति पूर्वक एवं सुचारू रूप से संचालित होना पायी गयी। सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा व्यवस्था एवं संचालन मंडल के निर्देशानुसार उचित एवं व्यवस्थित पायी गयी। सभी परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस बल तैनात पाया गया। परीक्षा केन्द्रों पर 144 धारा लगाने के फलस्वरूप बाहय भीड़ एवं असमाजिक तत्वों की भीड़ नहीं दिखाई दी। परीक्षायें शांति पूर्ण संचालित पायी गयी ।

## डीईओ सहित अन्य अधिकारियों ने किया केन्द्रों का निरीक्षण

# 81 केन्द्रों में 4743 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा, 80 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की सोमवार को हायर सेकेण्डरी की कक्षा 12वीं के राजनीति शास्त्र विषय की परीक्षा जिले के 81 परीक्षा केन्द्रों में संपन्न हुई। आयोजित परीक्षा के दौरान दर्ज 4 हजार 823 विद्यार्थियों में से 4 हजार 743 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा के दौरान 80 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।

जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिंह द्वारा परीक्षा के दौरान कन्या हायर सेकेन्ड्री स्कूल जोबीकला, कन्या हायर सेकेन्ड्री स्कूल विजयराघवगढ़, कन्या हायर सेकेन्ड्री स्कूल बरहटा, एवं कटनी के परीक्षा केन्द्रों का औचक



निरीक्षण किया गया। वहीं परीक्षा के दौरान सहायक संचालक राजेश अग्रहरि, एडीपीसी अभय जैन एवं प्राचार्य आलोक पाठक के दल द्वारा परीक्षा केन्द्र देवगांव, उत्कृष्ट स्कूल रीठी, हरद्वारा एवं नैगवां स्कूल के परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

सोमवार को आयोजित परीक्षा में नकल का प्रकरण किसी भी परीक्षा केन्द्र में दर्ज नहीं हुआ। सभी परीक्षा केंद्रों मे परीक्षा व्यवस्था एवं मंडल बोर्ड के निर्देशानुसार उचित एवं व्यवस्थित पाई गई। सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल तैनात पाया गया।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशन में जिले के सभी परीक्षा केंद्रों के लिए निरीक्षण दलों का गठन किया गया है। वहीं परीक्षा केन्द्रों में नियुक्त कलेक्टर प्रतिनिधियों द्वारा प्रश्न पत्र थाने से निकालने एवं परीक्षा केंद्रों तक ले जाने व परीक्षा केंद्र में मोबाइल एप के माध्यम से किए जाने वाले कार्य की मॉनिटरिंग की जा रही है। इसके अलावा समय पर सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा प्रारंभ होने के उपरांत निर्धारित प्रारूप में जानकारी माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल को भेजने की कार्यवाही की जा रही है।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया जा रहा प्रशिक्षण



जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिँह के नेतृत्व मे 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए ईसीसीई हेतु नेशनल करिकुलम 2024 आधारशिला एवं 0 से 3 वर्ष के बच्चों के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था उद्दीपन के लिए पोषण भी पढ़ाई भी थीम पर आधारित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण जनपद उपाध्यक्ष राम सेवक दुबे, हर्ष द्विवेदी, सरपंच श्रीमती सुनैना बाई तेकाम, सचिव रणजीत सिँह, परियोजना अधिकारी इंद्र कुमार साहू के द्वारा सोमवार को ग्राम पंचायत बड़वारा में शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण 29 मार्च तक दो बैच में किया जा रहा है इस प्रशिक्षण मे मास्टर ट्रेनर श्रीमती रेशमा परवीन, अर्पिता प्यासी, केशव मिश्रा, ब्लॉक समन्वयक रजनीश बड़गैया आदि के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के कार्य में क्षमता वर्धन कर उनके कौशलों का विकास किया जा रहा है यह प्रशिक्षण दो बैच में किया जा रहा है 100 कार्यकर्ताओं का बैच अलग-अलग बनाया गया है। प्रथम बेस्ट 24 से 26 मार्च तक एवं द्वितीय वेच 27 से 29 मार्च तक किया जायेगा।

# 13 लाख से बनने वाली सीसी सड़क का महापौर ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम सीमान्तर्गत राजीव गांधी वार्ड स्थित आबकारी मोहल्ले के नागरिकों का आवागमन सुलभ बनाने के लिए वार्ड में लगभग 13 लाख की धनराशि से सी.सी सड़क बनने जा रही है,जिसका महापौर प्रीति संजीव सूरी ने स्थानीय पार्षद प्रेमवती डब्बू रजक की उपस्थिति में वार्ड नागरिक निधि तनु चौधरी से विधिवत भूमि पूजन कराया गया।

भूमिपूजन के अवसर पर स्थानीय जनों द्वारा महापौर सहित सभी जनप्रतिनिधियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर नागरिक अभिनंदन किया साथ ही शहर में निरंतर हो रहे विकास कार्यों हेतु धन्यवाद दिया।

पानी की समस्या का होगा



निराकरण,महापौर ने दिया आश्वासन

भूमिपूजन पश्चात महापौर सूरी ने स्थानीय जनों से सीधा संवाद करते हुए वार्ड में साफ-सफाई,पेयजल इत्यादि की जानकारी लेकर उनकी समस्याओं को सुना,जिस पर स्थानीय जनों द्वारा पाइपलाइन नहीं होने के कारण पानी की समस्याओं से अवगत कराया,वार्ड वासियों की पानी की समस्या को प्राथमिकता देते हुए महापौर ने अधिकारियों को पाइप लाइन डालने के निर्देश दिए साथ ही स्थानीय जनों को आश्वासन दिया कि शीघ्र ही उनकी समस्या का निराकरण किया जाएगा।

## पीएम इंटर्नशिप योजना के तहत 31 तक भरे जाएंगे आवेदन

# युवाओं को मिलेगा देश की 500 टॉप कंपनियों में इंटर्नशिप का अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर आया है। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना 2024-25 के दूसरे चरण के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत, चुने गए उम्मीदवारों को देश की टॉप कंपनियों में इंटर्नशिप करने का मौका मिलेगा। कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल ने संबंधित अधिकारियों को इस योजना में जिले के अधिक से अधिक युवाओं का पंजीयन कराने के निर्देश दिए हैं।

### अनुभव प्राप्त करने में मदद

इस योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को भारत की 500 शीर्ष कंपनियों में इंटर्नशिप के अवसर प्रदान कर रोजगार परक बनाना है तथा युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में वास्तविक जीवन के व्यावसायिक वातावरण से अवगत कराना है, जिससे उन्हें व्यवहारिक कौशल एवं कार्य अनुभव प्राप्त करने में मदद मिले। इसके लिए आवेदन किए जानें की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 कर दी गई है।

### पीएम इंटर्नशिप योजना के लिए पात्रता

इस योजना में आवेदन के लिए युवाओं की आयु 21 से 24 वर्ष निर्धारित की गई है। इसके लिए 10वीं पास वह युवा आवेदन कर सकते हैं जो किसी पूर्णकालिक रोजगार या शिक्षा में संलग्न नहीं हैं। ऑनलाइन और दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से अध्ययन करने वाले युवा इंटर्नशिप कार्यक्रम के लिए पात्र हैं। जिन उम्मीदवारों के परिवार की वार्षिक आय 8 लाख रुपये से अधिक है, वे इस इंटर्नशिप के लिए पात्र नहीं हैं। यदि परिवार का कोई सदस्य स्थायी सरकारी सेवा में है, तो ऐसे परिवार का कोई भी युवा पात्र नहीं है।

### पीएम इंटर्नशिप योजना के लिए कैसे करें आवेदन

इस योजना में आवेदन के लिए आधिकारिक वेबसाइट pminternship.mca.gov.in पर जाएं। दूसरे चरण में होम पेज पर दिए गए रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक करें। तीसरे चरण में अपना मोबाइल नंबर डालकर रजिस्टर करें। चौथे चरण में उम्मीदवार आवेदन पत्र के साथ जरूरी दस्तावेज अपलोड करें। पांचवें चरण में आवेदन पत्र की जांच कर उसे सबमिट करें और अंत में भविष्य के लिए आवेदन पत्र का प्रिंट आउट लें। युवा योजना संबंधी अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1800116090 और पंजीयन में सहायता के लिये निकटतम शासकीय इंजीनियरिंग, पॉलीटेक्निक या आईटीआई से संपर्क कर सकते हैं।

### अभ्यर्थी को 5 हजार महीने मिलेगा स्टाइपेंड

पीएम इंटर्नशिप योजना 2025 के तहत अभ्यर्थी को 5,000 रुपये प्रतिमाह स्टाइपेंड मिलेगा। इसके अलावा अभ्यर्थी को 6,000 रुपये की एकमुश्त धनराशि दी जाएगी। इंटर्नशिप की अवधि 12 माह की होगी।

## महाविद्यालय बरही में विश्व जल दिवस पर आयोजित हुई कार्यशाला

# जल ही जीवन है, विद्यार्थियों को जल संरक्षण के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित ईको क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन, प्रभारी एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में विश्व जल दिवस के अवसर पर जल संरक्षण के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया।

### जल के बिना जीवन संभव नहीं

कार्यशाला में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह ने बताया कि पृथ्वी पर जीवन के लिए जल सबसे महत्वपूर्ण घटक है, क्योंकि हमें दिनचर्या के सभी कार्यों को पूर्ण करने के लिये कही न कही जल की आवश्यकता होती है धरती पर जीवन के अस्तित्व को बनाये रखने के लिये जल का संरक्षण और उसका बचाव बहुत आवश्यक है क्योंकि बिना जल के जीवन संभव नहीं है। हमें अपने जीवन में उपयोगी जल को बर्बाद और प्रदूषित नहीं करना चाहिये तथा लोगों को जल संरक्षण और



जल बचाने को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करना चाहिए। डॉ. मंजू लता साहू ने कहा कि दैनिक जरुरतों से ज्यादा पानी लोग बर्बाद कर रहें हैं, हम सभी को जल के महत्व और भविष्य में जल की कमी से संबंधित समस्याओं को समझना चाहिये, हमें अपने जीवन में उपयोगी जल को बर्बाद नहीं करने के साथ ही जल संरक्षण बढ़ावा देना चाहिए। डॉ. सुनीता सिंह ने बताया कि ब्रह्माण्ड में पृथ्वी पर अपवाद के रुप में जीवन पाया जाता है क्योंकि केवल पृथ्वी पर ही जल पाया जाता है जिसके बिना जीवन संभव नहीं है। डॉ रश्मि त्रिपाठी ने सभी से अपनी जरूरतों के अनुसार ही पानी का प्रयोग करने का आग्रह किया साथ ही सभी से जल संरक्षण की मुहिम को सफल बनाने में सहयोग की अपील की।

### जल संरक्षण सभी की जिम्मेदारी

प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी ने बताया कि जल संरक्षण से जुड़ा हर प्रयास हमारे कल से जुड़ा है इसमें पूरे समाज की जिम्मेदारी होती है, सदियों से अलग-अलग समाज अलग अलग प्रयास करते आए हैं, जल पृथ्वी का सर्वाधिक मूल्यवान संसाधन है और हमें न केवल अपने लिये इसकी रक्षा करनी है बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिये भी इसे बचा कर रखना है। अंत मे प्राचार्य ने उपस्थित स्टॉफ के सभी सदस्यों एवं विद्यार्थियों को जल संरक्षण के लिए शपथ दिलाकर जल संरक्षण के लिये प्रेरित किया।

कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन सुश्री प्रियंका तोमर द्वारा किया गया। कार्यशाला में प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी, इको क्लब प्रभारी एवं रा. से. यो. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह, सुश्री प्रियंका तोमर, डॉ रश्मि त्रिपाठी एवं डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. मंजुलता साहू, डॉ. आर. जी. सिंह, डॉ. राकेश दुबे, डॉ. के. के. निगम, डॉ. नीलम चतुर्वेदी, डॉ. शिवानी बर्मन, श्री मनीष मिश्रा, श्री पवन दुबे, श्रीमती अनीता सिंह, संतोषी तिवारी, सौरभ सिंह,आशीष तिवारी तथा स्टॉफ के अन्य सदस्य, रा. से. यो. स्वयंसेवक एवं विद्यार्थी आदि उपस्थित रहे।

# मासांत तक जमा कराएं टैक्स नहीं चुकानी होगी दुगनी राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम में 31 मार्च तक प्रापर्टी टैक्स जमा कराने की अपील की गइई। मासांत के बाद स्वयं के उपयोग वाली संपत्ति पर दोगुनी राशि चुकानी पड़ेगी। नगर निगम में प्रॉपर्टी टैक्स में 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी। यह छूट 31 मार्च तक रहेगी, लेकिन इसके बाद करदाताओं को दोगुनी राशि चुकाना पड़ेगी। वित्तीय वर्ष के आखिरी दिनों में निगम कार्यालय के अलावा सुभाष चौक एवं अन्य स्थानों पर शिविर आयोजित रहेंगे। राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक के अनुसार, करदाताओं के स्वयं के आवासीय उपयोग वाली संपत्तियों के संपत्ति कर में 50 प्रतिशत की रियायत दी जाती है। यह रियायत चालू वित्तीय वर्ष में संपत्तिकर का भुगतान करने वालों को ही दिया जाने का प्रावधान है। चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 की अवधि समाप्त होने के बाद संपत्ति कर का भुगतान न करने वालों को यह रियायत नहीं दी जाएगी और अगले वित्तीय वर्ष अप्रैल से शत-प्रतिशत वार्षिक भाड़ा मूल्य के आधार पर संपत्ति कर की गणना की जाकर निर्धारण किया जाएगा। इस तरह करदाताओं को दोगुनी राशि देना होगी। निगम के अनुसार, करदाताओं की सुविधा के चलते नगर निगम कार्यालय व सभी ज़ोन कार्यालय के अलावा सुभाष चौक में शिविर शनिवार-रविवार सहित अन्य अवकाश के दिनों में भी आयोजित रहेंगे।जहां संपत्तिकर, जलकर सहित अन्य कर/शुल्क जमा किए जा सकेंगे। इसके अलावा उपभोक्ता ऑनलाइन भी जमा कर सकेंगे। निगमायुक्त ने सभी करदाताओं से 31 मार्च के पूर्व निगम कार्यालय, नजदीकी शिविर स्थल अथवा टैक्स वसूलीकर्ता के पास कर जमा करने अपील की है।

# खाद्य पदार्थों में चल रहा मिलावटखोरी का खेल, लोगों की सेहत से हो रहा खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरी का खेल लंबे समय से चल रहा है। अपनी जेबे भरने के लिए कारोबारी लोगों की सेहत को दांव पर लगा रहे हैं। प्रशासनिक कार्यवाही समय समय पर की जाती है जिसमें खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्र कर जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजे जाते हैं। हालांकि इस प्रक्रिया में काफी समय लगता है। जांच में नमूने अमानक पाये जाने के बाद प्रशासनिक स्तर पर कार्यवाही महज जुर्माना लगाने तक ही सीमित रहती है। कड़ी कार्यवाही नहीं होने के चलते ही मिलावट खोरी का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। मिलावटी खाद्य पदार्थों के सेवन से कई तरह की शारीरिक व्याधियों का खामियाजा उपभोक्ताओं को उठाना पड़ता है।

## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार वाहन की ठोकर से मादा चीतल की मौत

**अनूपपुर।** सोमवार की शाम शहडोल-अमरकंटक मुख्य मार्ग के मध्य किरर गांव के सजहा टोला में अज्ञात बड़े वाहन की ठोकर से मादा चीतल की मौत की सूचना पर वनविभाग के द्वारा कार्यवाही की गई तथा अज्ञात वहां के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया। घटना के संबंध में बताया गया कि सोमवार की शाम शहडोल-अमरकंटक मुख्य मार्ग के मध्य स्थित किरर गांव के सजहा टोला के वेयरहाउस के पास जंगल की ओर से विचरण करती हुई तीन वर्ष के लगभग उम्र की मादा चीतल मुख्य मार्ग को पार कर रही थी तभी किरर घाट से उतर कर सकरा की ओर जा रहा अज्ञात बड़ा वाहन के चालक की लापरवाही के कारण चीतल वाहन से टकरा जाने पर गंभीर रूप से घायल मादा चीतल की स्थल पर ही मौत हो गई घटना की जानकारी एक अधिकारी द्वारा वनविभाग को दिए जाने पर वनविभाग का मैदानी अमला तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर मृत मादा चीतल के शव को अपनी अभिरक्षा में लेते हुए रात समय होने पर सुरक्षित रखकर मंगलवार की सुबह पशु चिकित्सक से पी,एम,की कार्यवाही कराते हुए वरिष्ठ वन अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में अंतिम संस्कार किया

### तहसील कार्यालय प्रवेश द्वार के सामने टूटी नाली, दुर्घटना की आशंका

**अनूपपुर।** जिला मुख्यालय के तहसील, एसडीएम, उपपंजीयक तथा लोकसेवा केंद्र कार्यालयों मे जाने के लिए मुख्य मार्ग से जानें वाले रास्ते के किनारे निर्मित नाली का ऊपरी स्लैब विगत काफी दिनों से टूट जाने के कारण यह जानलेवा गढ्ढा साबित हो सकता है।

## एक म्यान में दो तलवार बना हत्या का कारण

# चंद घंटों में पुलिस ने किया डबल मर्डर का खुलासा

### 20 वर्षीय युवक और नाबालिग निकले के हत्या के आरोपी

**अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के निर्देशन में सोमवार को दोहरे हत्याकाण्ड जिसमें थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बरबसपुर के पास सुनसान जंगल में मिले रक्त रंजित पुरूष के शव एवं थाना चचाई अंतर्गत विजय ग्राउण्ड के पास जंगल में मिले रक्त रंजित दूसरे अज्ञात पुरूष के शव मिलने के मामले में चन्द घण्टो में अज्ञात शवो की शिनाख्त कर निर्मम हत्याकाण्ड का खुलासा कर आरोपियो को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। सोमवार की सुबह 6 बजे थाना कोतवाली अंतर्गत ग्राम बरबसपुर से ग्राम भोलगढ की ओर जंगल से होकर जाने वाली कच्चे पगडण्डी वाले सुनसान रास्ते पर महुआ बीनने पहुंचे बरबसपुर निवासी आशिष पाठक ने जमीन पर रक्त रंजित करीब 25 वर्षीय अज्ञात पुरूष का शव देखकर डायल 100 में फोन कर पुलिस को जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के निर्देशन में तत्काल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर इसरार मन्सूरी, एसडीओपी अनूपपुर सुमित केरकेट्टा टी.आई. कोतवाली अरविन्द जैन पुलिस बल एवं एफ.एस.एल. मोबाईल यूनिट शहडोल से वैज्ञानिक अधिकारी प्रदीप सिहं, पुलिस डाग स्काट के साथ घटनास्थल पहुंचकर जंगल में पड़े रक्त रंजित शव को जिसके गले एवं बाये कान के नीचे नुकीले एवं धारदार हथियार से कई सारी चोंटें होना पायी गई उक्त शव को बरामद कर शव पंचनामा कार्यवाही एवं घटनास्थल से महत्वपूर्ण भौतिक साक्ष्यो को एकत्र किया गया एवं मौके पर ही अथक प्रयास कर अज्ञात पुरूष की पहचान रावेन्द्र खाण्डे पिता कलम खाण्डे उम्र 23 साल निवासी ग्राम धौराभाट खुर्द जिला बेमेतरा (छ.ग.) के रूप में की जाकर परिजनो को बुलाया जाकर शिनाख्तगी कराई गई। थाना कोतवाली अनूपपुर पुलिस द्वारा अपराध क्रमांक 147/25 धारा 103 बी.एन.एस. पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया। वही दूसरी ओर थाना चचाई अंतर्गत विजय ग्राउण्ड के पास जंगल में एक 25 वर्षीय अज्ञात पुरूष का शव मिलने पर पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान द्वारा पुलिस टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण उपरांत अज्ञात शव जिसके सिर में बाये कान के नीचे धारदार नुकीले हथियार से गंभीर चोंट एवं रक्त स्त्राव हुआ था उक्त शव बरामद कर महत्वपूर्ण भौतिक साक्ष्य एकत्र किये गये एवं जिला चिकित्सालय अनूपपुर में



रावेन्द्र खाण्डे के परिजनो ने थाना चचाई अंतर्गत मिले अज्ञात शव की पहचान कर उनके परिजनो को अनूपपुर जिला चिकित्सालय में बुलाया गया जो मृतक की संजीत जांगड़े पिता मारखण्डे जांगड़े उम्र करीब 23 साल निवासी ग्राम लखनपुर थाना फास्टरपुर जिला मुंगेली (छ.ग.) का होना पहचाना गया। जो थाना चचाई में अपराध क्रमांक 59/25 धारा 103 बी.एन.एस. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

### पुलिस अधीक्षक द्वारा दोहरे हत्याकाण्ड की खुलासा हेतु टीम का गठन एवं सफलता

पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान द्वारा उक्त दोहरे हत्याकाण्ड की विवेचना के लिए टीम का गठन किया गया जो टीम के द्वारा मृतक रावेन्द्र खाण्डे निवासी छ.ग. के मोबाईल नम्बर एवं रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड एवं नगर में लगे सी.सी.टी.वी. कैमरो की मदद तथा मौके पर मिले भौतिक साक्ष्यो की मदद से मुख्य आरोपी अश्वनी कोल पिता टीकमदास कोल उम्र 20 साल निवासी विवेकनगर दुर्गा मंदिर के सामने थाना चचाई एवं उसके सहयोगी एक 17 वर्ष 05 माह के विधिविरूद्ध बालक से पूछताछ की गई। जो पकड़े गये मुख्य आरोपी अश्वनी कोल ने नाबालिग विधिविरूद्ध बालक के साथ मिलकर रावेन्द्र खाण्डे एवं संजीत जांगड़े की लोहे के नुकीले एवं धारदार रुखना (फर्नीचर के काम में प्रयुक्त होने वाले उपकरण) से निर्मम हत्या करना स्वीकार किया जो पुलिस द्वारा हत्या में प्रयुक्त रक्त रंजित लोहे का धारदार नुकीला रुखना एवं हीरो पेशन प्लस मोटर सायकल क्रमांक MP18ZC 1384 को जप्त की गई है एवं अन्य महत्वपूर्ण भौतिक साक्ष्यो को पुलिस द्वारा तलाश कर जप्त किए जाने की कार्यवाही जारी है।

### आरोपी की प्रेमिका को परेशान करना बना दोहरे हत्याकाण्ड का कारण

दोहरे निर्मम हत्याकाण्ड की विवेचना में पुलिस द्वारा पाया गया कि मुख्य आरोपी अश्वनी कोल विवेकनगर चचाई में रहता है एवं बिलासपुर के भार्गव अस्पताल में काम करने वाली कविता कोल से पिछले दो सालो से प्रेम संबंध चल रहा है जो उसी भार्गव हास्पिटल बिलासपुर में रिसेप्शन पर काम करने वाले रावेन्द्र खाण्डे के द्वारा पिछले कुछ महीनो से कविता कोल को दोस्ती और प्रेम संबंधो का प्रस्ताव दिया जा रहा था जिसकी शिकायत कविता कोल ने अपने प्रेमी प्रकरण के आरोपी अश्वनी कोल से की जिससे परेशान होकर अश्वनी कोल ने अपने प्रेमिका को परेशान करने वाले रावेन्द्र खाण्डे को रास्ते से हटाने की योजना बनाई एवं मोबाईल पर सम्पर्क कर रावेन्द्र खाण्डे को सोमवार की शाम बिलासपुर से अनूपपुर बुलाया जो अपने साथ संजीत जांगड़े को लेकर शाम करीब 06.30

### प्रेमिका को परेशान करना बना दोहरे हत्याकाण्ड का कारण

बजे रेल्वे स्टेशन अनूपपुर पहुंचा जहां अश्वनी कोल अपने साथी विधिविरूद्ध किशोर की मोटर सायकल से रेल्वे स्टेशन पहुंचकर दोनो को साथ में अनूपपुर नगर में घुमाते हुए बरबसपुर से भोलगढ वाले कच्ची पगडण्डा रास्ते पर ले जाकर विधिविरूद्ध किशोर के साथ मिलकर अपने पेन्ट में रखकर लाये लोहे के धारदार नुकीले रुखना से अनेको वार कर मौके पर रावेन्द्र खाण्डे की हत्या कर दी गई जो साथी संजीत जांगड़े ने बचाने के प्रयास किया तो उसे भी धमका कर अपने साथ मोटर सायकल से लेकर विवेक नगर चचाई में विजय ग्राउण्ड के सामने सुनसान बांस के जंगल में ले जाकर दोनो ने मिलकर एक अन्य लोहे के धारदार रुखना (हथियार) से हत्या कर दी गई। जिससे रावेन्द्र खाण्डे के साथ आया लड़का मर्डर के बारे में किसी को ना बता सकें। पुलिस द्वारा दोहरे हत्याकाण्ड के मुख्य आरोपी अश्वनी कोल एवं सहयोगी 17 वर्षीय 05 माह के विधिविरूद्ध किशोर को गिरफ्तार कर अन्य साक्ष्य एकत्र किये जा रहे है।

### पुलिस महानिरीक्षक शहडोल जोन द्वारा पुलिस टीम को तीस हजार का पुरस्कार

पुलिस महानिरीक्षक शहडोल जोन शहडोल अनुराग शर्मा के द्वारा पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान एवं पुलिस टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया गया एवं आरोपियो से पूछताछ की गई तथा उक्त दोहरे हत्याकाण्ड का चन्द घण्टो में खुलासा कर आरोपियो की गिरफ्तारी करने में सफलता प्राप्त करने वाली टीम एसडीओपी अनूपपुर सुमित केरकेट्टा, टी. आई. कोतवाली अरविंद टी.आई. चचाई राकेश उइके, उपनिरीक्षक बी.एल. गौलिया, सहायक उपनिरीक्षक सुरेन्द्र सिहं, नागेश सिहं, प्रधान आरक्षक महेन्द्र सिहं, शेख रसीद, राजेश कंवर, भानूप्रताप, शिवशंकर प्रजापति, रीतेश सिंह, चालक प्रधान आर खेमराज, राजेन्द्र अहिरवार (सायबर सेल) आरक्षक पंकज मिश्रा (सायबर सेल), प्रकाश तिवारी, अब्दुल कलीम, मोहित यादव, कमलेश रैदास, नागेन्द्र सिह की टीम को तीस हजार रूपये का नगद ईनाम दिये जाने की घोषणा की है।

## हिंदुस्तान पावर ने स्वच्छ पेयजल के लिए उपलब्ध कराये वाटर कूलर



**जैतहरी।** हिंदुस्तान पावर के सीएसआर विभाग ने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत कंपनी से लगे स्थानीय क्षेत्रों में स्वच्छ एवं शीतल पेयजल की सुविधा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 15 वाटर कूलर उपलब्ध कराए हैं। इन स्थानों में तहसील कार्यालय, जैतहरी, वार्ड क्रमांक 6 चौक, जैतहरी, मिनी चौपाटी, वार्ड नंबर 7, जैतहरी, शासकीय मॉडल स्कूल, मुर्रा, जैतहरी, कन्या शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जैतहरी, शासकीय कन्या परिसर, जैतहरी, शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय, टकहोली, शासकीय प्राथमिक विद्यालय, अमगंवा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अमगंवा, शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय, चांदपुर, शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय, क्योंटार, शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय, धनगंवा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चौलना, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चोलना जैसे सार्वजनिक स्थान शामिल हैं। इस पहल का मकसद ग्रामीण समुदायों, शैक्षणिक संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छ पेयजल की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करना है, जिससे स्थानीय नागरिकों एवं विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को, और अन्य आवागमन करने बालें राहगीरों को, विशेष रूप से गर्मी के मौसम में राहत मिल सके। वितरण कार्यक्रम शासकीय मॉडल स्कूल, मुर्रा लहरपुर में आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय के अध्यापकगण के साथ साथ कंपनी के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे, जिनमें सी एस आर विभाग के प्रमुख सत्यम सलील और एक अन्य अधिकारी विकास राय उपस्थित रहे। विद्यालय से उच्च माध्यमिक शिक्षक श्वेता तिवारी, माध्यमिक शिक्षक विभा गुप्ता, अतिथि शिक्षक मान कुमारी राठौर आदि अध्यापकगण उपस्थित रहे। उपस्थित अध्यापकों ने विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा, "हिंदुस्तान पावर का सीएसआर विभाग हमेशा विद्यालय की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देता है, वाटर कूलर की मांग को विभाग ने त्वरित संज्ञान में लिया और इनके द्वारा ग्रीष्म ऋतु आने से पहले ही कई चिन्हित स्थानों पर वाटर कूलर स्थापित कराए गए हैं जिनमें हमारा विधालय भी शामिल हैं, इस पहल से निश्चित ही विद्यार्थियों को, स्थानीय समुदाय को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल की सुविधा मिलेगी। हम सभी कंपनी प्रबंधन को इस सहयोग के लिए अपना आभार व्यक्त करते हैं। कार्यक्रम के दौरान कंपनी के अधिकारियों ने इस प्रयास को समाज कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया और कहा कि "हमारा निरंतर प्रयास समाज की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में रहता है। स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता हमारी प्राथमिकताओं में शामिल है, और भविष्य में भी हम इस तरह की जनकल्याणकारी पहलों को जारी रखेंगे। इस पहल को लेकर अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों और लाभार्थी संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भी हिंदुस्तान पावर के प्रति आभार प्रकट किया और इसे क्षेत्रवासियों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया।



# कोल माफिया कोयला खदान में खेल रहा काला खेल



### रामपुर बटुरा खुली खदान में 'रोड सेल' के नाम पर लूट पांच हजार प्रति ट्रक की चल रही वसूली

**अनूपपुर।** कोयला खदानें केवल ऊर्जा का स्रोत नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार और माफियागिरी का अड्डा बन चुकी हैं खनन क्षेत्र में यदि ईमानदारी की लौ जलती भी है तो उसे काले धुएं में दबा दिया जाता है अनूपपुर जिले की एसईसीएल सोहागपुर एरिया रामपुर बटुरा खुली कोयला खदान (OCM) में इन दिनों एक संगठित लूट का तंत्र चल रहा है जहां रोड सेल के नाम पर पांच हजार प्रति ट्रक की अवैध वसूली की जा रही है। यह अवैध कारोबार किसी एक स्तर पर नहीं, बल्कि गेटकीपर से लेकर जीएम तक का हिस्सा तय है। कोयले के इस काले खेल के पीछे ट्रांसपोर्टर, लोडिंग इंचार्ज, रोड सेल इंचार्ज, कांटा घर के कर्मचारी, मैनेजर और ऊंचे पदों पर बैठे सफेदपोशों का गठजोड़ है ट्रकों को कोयला तभी मिलता है जब मोल-भाव पूरा हो जाता है जो जितना देता है उसे उतनी ही बेहतर गुणवत्ता का कोयला मिलता है और जो नहीं देता उसका रास्ता बंद कर दिया जाता है एसईसीएल के सोहागपुर एरिया रामपुर बटूरा खुली खदान में

### संगठित लूट हैंड लोडिंग से खुली कोयला खदान में खेल

रामपुर खुली खदान में हैंड लोडिंग पूरी तरह प्रतिबंधित है खदानों से निकला कोयला उसी ग्रेड में डीईओ धारकों (Direct E-auction Holders) को मिलना चाहिए, जिसके लिए नीलामी हुई है। लेकिन सच्चाई इससे उलट है। प्रतिबंध के बावजूद टैरेक्स मशीनों से उच्च गुणवत्ता का कोयला चोरी-छिपे निकाला जा रहा है और उसे उन ट्रकों में लोड किया जाता है जो सही कीमत चुकाते हैं इस पूरी प्रक्रिया को रोड सेल इंचार्ज की निगरानी में अंजाम दिया जाता है गेट पास और ट्रांसपोर्टरों की संदेहास्पद भूमिका कोयले से लदे ट्रकों का गेट पास और ट्रांसपोर्टरों की बिल्टी पूरी तरह संदेह के घेरे में हैं। रोज़ करोड़ों रुपये का गोरखधंधा चल रहा है लेकिन प्रशासन सब कूल-कूल के अंदाज में आंख मूंदे बैठा है। हैंड लोडिंग में लगे मजदूरों को कोई सुरक्षा बीमा या पीएफ नहीं मिलता, इन्हें ठेकेदारों के भरोसे छोड़ दिया जाता है और कभी भी हादसा हो जाए कोई जिम्मेदारी लेने वाला नहीं कई बार हैंड लोडिंग करने वालों में झगड़े और हिंसा तक हो जाती है। रामपुर बटुरा खुली खदान में जो देगा वही लेगा की नीति चल रही है कोल माफिया के आगे हर सिस्टम बौना साबित हो रहा है सवाल यह उठता है कि जब इस पूरे खेल की जानकारी स्थानीय प्रशासन पुलिस और खदान प्रबंधन को है तो कार्रवाई क्यों नहीं होती?

सुरक्षा गार्ड केवल वसूली में व्यस्त ट्रकों की आवाजाही पर नज़र रखने के लिए सुरक्षा गार्ड तैनात किए गए हैं लेकिन उनकी असली भूमिका प्राइवेट गुंडों की तरह वसूली करवाने की है जो ट्रक न्यूनतम पांच हजार नहीं देता उसे खदान के अंदर घुसने ही नहीं दिया जाता। खदान के बाहर प्राइवेट लोग बिठाए गए हैं जो सही ट्रक और गलत ट्रक का फैसला करते हैं जिन ट्रकों से वसूली नहीं हो पाती उन्हें अंदर जाने नहीं दिया जाता

### सरकारी मशीनरी की चुप्पी

रामपुर बटुरा खुली खदान में चल रही अवैध वसूली और कोयला हेराफेरी को लेकर सबसे बड़ा सवाल यही है कि जिम्मेदार अधिकारी क्यों चुप हैं? क्या यह मुमकिन है कि बिना ऊपर की मिलीभगत के यह सब चल सके? क्या रोड सेल इंचार्ज ट्रांसपोर्टर कांटा बाबू और मैनेजर अकेले यह खेल चला रहे हैं या फिर इसका हिस्सा 'बड़े साहब भी हैं? खुली खदान का यह घोटाला सिर्फ एक उदाहरण है यह पूरा तंत्र इस बात का सुबूत है कि कोल माफिया का प्रभाव इतना मजबूत है कि सरकारी नियम प्रशासन और कानून इनके सामने बौने साबित हो जाते हैं। हर दिन कोई न कोई ट्रक अवैध रूप से लोड होकर निकलता है हर दिन कोई न कोई मजदूर इस शोषण का शिकार बनता है और हर दिन लाखों-करोड़ों की काली कमाई 'बड़े अधिकारियों' की जेब में जाती है। यह मामला केवल कोयला चोरी का नहीं बल्कि एक पूरे तंत्र के भ्रष्टाचार में लिप्त होने का जीता-जागता उदाहरण है। अब देखना यह है कि क्या यह माफिया राज यूं ही चलता रहेगा या फिर कोई इस गोरखधंधे पर रोक लगाएगा।

# बीमार अस्पताल के सुधार के लिए दूसरे दिन भी जारी रहा आमरण अनशन

### विभिन्न संगठनों का मिला समर्थन, धीरे-धीरे ठीक होने लगी अस्तपाल की तबियत

**कोतमा।** नगर की लचर स्वास्थ्य व्यवस्था एवं बड़ी संख्या में डॉक्टरों की कमी को लेकर पूर्व पार्षद देवशरण सिंह एवं दीपक पटेल के द्वारा आमरण अनशन सोमवार से शुरू कर दिया गया है जहां दूसरे दिन भी लगातार नगर वासियों के द्वारा अनशन स्थल पहुंचकर अपना भरपूर समर्थन देते हुए डॉक्टरों की भर्ती एवं व्यवस्था में सुधार की मांग की जा रही है, वहीं दूसरी ओर प्रशासन द्वारा भी समय-समय पर पहुंचकर अनशनकारियों से बात करते हुए अनशन को समाप्त करवाने में जुटी हुई है।




### विभिन्न संगठनों का मिला समर्थन

सोमवार को स्वास्थ्य विभाग, राजस्व एवं सुरक्षा विभाग के अधिकारियों के द्वारा अलग-अलग दो चरणों में बात की गई लेकिन दोनों बार भी किसी प्रकार ठोस नतीजा सामने नहीं आ सका। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 24 घंटे के दौरान अनशनकारियों के स्वास्थ्य की नियमित जांच की जा रही है वहीं अनशन स्थल पर बिजली न होने से शाम के बाद पूरी रात घुप्प अंधेरा छा जाता है। भाजपा नेता नवल सराफ, पार्षद रज्जू सोनी, दीप कुमार सोनी, अर्पण सिंह, प्रदीप उपाध्याय, पंकज मिश्रा, दुर्गा सिंह कोर्राम, चंद्रिका मरकाम, संदीप पडवार, शैलू ताम्रकार,राजेश खटोड ,शब्बीर अहमद,विजय पांडे, विद्यावाती, इंद्रावती, अनुज जैन सहित विभिन्न संगठनों के द्वारा भी अनशन को समर्थन देते हुए स्थल पर बैठकर अपना विरोध प्रदर्शन किया गया। सोमवार को रात में अनुविभागीय अधिकारी अजीत तिर्की, सीएमएचओ आरके वर्मा, थाना प्रभारी सुन्द्रेश सिंह सुरक्षा विभाग के साथ अनशनकारियों से बात की गई। सीएमएचओ ने बताया कि डॉक्टर की भर्ती प्रदेश स्तर से होनी है, सभी प्रकार की दवाई उपलब्ध है, जांच की जा रही है, व्यवस्थाएं सुधारी जा रही है। आप लोग अनशन समाप्त करे लेकिन अनशनकारी देवशरण एवं दीपक पटेल ने कहा कभी भी स्वास्थ्य एवं राजस्व अधिकारी के निरीक्षण अस्पताल में नहीं होता है। डॉक्टर की व्यवस्था होनी चाहिए।

### इधर अनशन उधर दिखने लगी व्यवस्था में सुधार

अस्पताल गेट के सामने आमरण अनशन में लोग बैठे हुए हैं जहां लगातार नगर वासियों द्वारा पहुंचते हुए समर्थन दिया जा रहा है वहीं दूसरी ओर स्थल में लगातार स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य अधिकारियों के आने-जाने का सिलसिला शुरू होते ही अस्पताल के अंदर व्यवस्था में सुधार दिखने लगा सभी कर्मचारी व डॉक्टर नियमित समय पर ही ड्यूटी कर रहे हैं। साफ-सफाई भी पहले से बेहतर नजर आ रही है बिना चादर के मरीजों को सोना पड़ता था जिस पर अब नियमित चादर भी उपलब्ध कराया जा रहा है। शाम की ओपीडी में भी नियमित अधिकारी कर्मचारी ड्यूटी कर रहे हैं।

## कोल इंडिया में पर्सनल डिपार्टमेंट का नाम बदलकर हुआ ह्यूमन रिसोर्स

**राजनगर।** कोल इंडिया ने अपने पर्सनल डिपार्टमेंट (कर्मचारी विभाग) का नाम बदलकर 'ह्यूमन रिसोर्स' (एचआर) कर दिया है। अब कोल इंडिया व अनुषंगी कंपनियों में पदस्थापित पर्सनल डिपार्टमेंट के अधिकारी एचआर अधिकारी कहलायेंगे। जैसे डायरेक्टर पर्सनल अब डायरेक्टर एचआर व जीएमपी जीएम एचआर कहलायेंगे। यह बदलाव कंपनी की 50 वीं वर्षगांठ के अवसर पर किया गया है। इस आलोक में कोल इंडिया के निदेशक (एचआर) डां.विनय रंजन के हस्ताक्षर से जारी अधिसूचना के मुताबिक कोल इंडिया के बोर्ड ऑफ पर्सनल) डायरेक्टर्स ने इस बदलाव को अपनी मंजूरी दे दी है। इस बदलाव के साथ कोल इंडिया का मानव संसाधन विभाग (एचआर) अब कर्मचारी मामलों के प्रबंधन, संगठनात्मक अनुशासन को बनाये रखने और एक सकारात्मक कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रीत करेगा। इस बदलाव के साथ, एचआर विभाग अब एक रणनीतिक भूमिका निभायेगा और कर्मचारियों की व्यक्तिगत और पेशेवर वृद्धि को सुनिश्चित करने पर ध्यान देगा। जो कंपनी की वैश्विक प्रतिस्पर्धा में बने रहने और भविष्य के लिए एक कुशल कार्यबल तैयार करने में मदद करेगा. कोल इंडिया बोर्ड ने इस बदलाव को मंजूरी देते हुए कहा कि यह बदलाव कंपनी की दीर्घकालिक सफलता और विकास के लिए महत्वपूर्ण है। कोल इंडिया के इस कदम का उद्देश्य अपने कर्मचारियों को एक बेहतर कार्य वातावरण प्रदान करना और उन्हें कंपनी के व्यावसायिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के मामलों के प्रबंधन, संगठनात्मक अनुशासन को बनाये रखने और एक सकारात्मक कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रीत करेगा। इस बदलाव के साथ, एचआर विभाग अब एक रणनीतिक भूमिका निभायेगा और कर्मचारियों की व्यक्तिगत और पेशेवर वृद्धि को सुनिश्चित करने पर ध्यान देगा। जो कंपनी की वैश्विक प्रतिस्पर्धा में बने रहने और भविष्य के लिए एक कुशल कार्यबल तैयार करने में मदद करेगा। कोल इंडिया बोर्ड ने इस बदलाव को मंजूरी देते हुए कहा कि यह बदलाव कंपनी की दीर्घकालिक सफलता और विकास के लिए महत्वपूर्ण है।